हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 14 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

10 आंगनबाड़ी वर्कर्स-हैल्पर्स ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



10 केएम राजकीय कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्राफी



बालाजी मल्टीस्पैशलिटी हस्पताल, पिल्लूखेड़ा
ब्रांच ऑफ बालाजी हस्पताल, सफीदों
सफीदों और पिल्लूखेड़ा बने स्वास्थ्य सेवाओं में अव्वल
वेंटीलेटर, एक्स-रे, डी-फेब, सी.आर.एम., एमरजेंसी, लैबोरेट्री, मेडिकल स्टोर, अल्ट्रासाउंड सर्जन, सभी प्रकार के सरकारी व प्राइवेट पैनल की सुविधा भी उपलब्ध
EMERGENCY 24 HOURS SERVICE
☑ सामान्य रोग विशेषज्ञ ☑ ऑप्रेशन विशेषज्ञ
☑ स्त्री रोग विशेषज्ञ ☑ जच्चा-बच्चा केन्द्र
सभी प्रकार के ऑप्रेशन व दवाईयों की सुविधा उपलब्ध
यह अस्पताल आप सभी पिल्लूखेड़ा व आस-पास के गांववासियों की स्वास्थ्य सेवा के लिए खोला गया है। ताकि आपको बड़े शहरों में ना जाना पड़े। आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है।

श्री देवेन्द्र सहरावत
MD CEO, बालाजी मल्टीस्पैशलिटी हॉस्पिटल
पता : जामनी-पिल्लूखेड़ा मण्डी रोड़, नजदीक तहसील पिल्लूखेड़ा, पिल्लूखेड़ा मण्डी (जींद), मो. 96714-38000

## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ युवक काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने सफीदों में होटल के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से पिस्तौल बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि सफीदों रोड होटल पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने कि फिराक में है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया।

### धमकी देकर चौथ मागने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** कुम्हारन मोहल्ले के व्यक्ति को धमकी देकर चौथ वसूलने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने पकडे.गए व्यक्ति समेत दो लोगों के खिलाफ चौथ मागने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। कुम्हारन मोहल्ला निवासी नरेंद्र ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### 10 किलोग्राम डोडापोस्त सहित नशा तस्कर काबू

**कैथल।** सीआईए-1 ने एक आरोपी को काबू कर लिया । जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 10 किलो 200 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 के एएसआई मुकेश की टीम सायंकालीन के समय गश्त दौरान नैशनल हाईवे 152डी मोहना के पास मौजुद थी। जहां पर सहयोगी सुत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि मण्डवाल निवासी प्रविन्द्र डोडोपोस्त बेचने का काम करता है।

### दो ट्रांसफार्मरों से उपकरण चोरी

**जींद।** ढाठरथ में बीती रात चोरों ने दो बिजली ट्रांसफार्मरों के उपकरणों को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि निगम ने गाव ढाठरथ निवासी रामफल तथा सतपाल के खेतों में बिजली ट्रांसफार्मर रखे हुए थे।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** बाइक चोरी मामले में आरोपी प्रोडेक्शन वारंट पर बाइक चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एचसी जयभगवान द्वारा करते आरोपी किरमच कुरुक्षेत्र निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया बंदराना निवासी रोबिन की शिकायत अनुसार 20 जून को घर के बाहर बाइक अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली गई थी।

### ग्रामीण डाक सेवक नरवाना और दनौदा का धरना जारी

**नरवाना।** सरकार द्वारा किए जाने वाले शोषण व मांगों की सुनवाई न होने के कारण ग्रामीण डाक सेवक नरवाना व दनौदा का धरना.प्रदर्शन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। यह धरना अनिश्चितकालीन समय तक किया जाना तय हुआ है। दूसरे दिन डाक सेवकों के जोश में कोई कमी नहीं रही।

### गोदाम के पास से कार चोरी का मामला दर्ज

**कैथल।** अलग-अलग मामलों में चोर मकान से हजारों रुपये व एक गोदाम के बाहर से कार चोरी कर ले गए। कौल के राजकुमार ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 11 दिसंबर को अज्ञात आरोपी उनके घर से 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी जोगिंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 158 विद्यालयों में शिक्षा परियोजना परिषद करवाएगी रोल मॉडल गतिविधि

## रोल मॉडल सभी छात्रों को शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण पर देंगे व्याख्यान , 8.35 लाख रुपये का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के 158 स्कूलों में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा रोल मॉडल गतिविधि का आायोजन किया जाएगा। रोल मॉडल के माध्यम से छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं सशक्त जीवन के उद्देश्यों को पूर्ण बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस गतिविधि के आयोजन को लेकर विभाग ने आठ लाख 35 हजार रुपये का बजट जारी किया है। इस समय जिले में 52 मिडिल तथा 106 उच्च व वरिष्ठ स्कूल शामिल हैं। विभाग का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। विभाग का मानना है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में एक और कदम आगे बढ़ते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटी को सशक्त बनाने के उद्देश्य को ऐसी गतिविधि सार्थक करेगी। इस गतिविधि के तहत रोल मॉडल की ओर से किशोरावस्था में अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में जागरूक किया जाएगा। सुरक्षित वातावरण सामाजिक एवं शैक्षिक जागरूकता व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं सफाई के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। रोल मॉडल सभी छात्रों को शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण पर देंगे व्याख्यानः रोल मॉडल सभी छात्रों को शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान देंगे और फिर छात्राएं रोल मॉडल से संवाद स्थापित करके अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करेंगे। रोल मॉडल द्वारा अपने अनुभव साझा करने के बाद स्कूलों में पढ़ रही छात्राएं अपनी शिक्षा को पूरा करने तथा अपने करियर से संबंधित चुनाव करने में उनसे बातचीत करेंगी।



जींद। जिला परियोजना संयोजक कार्यालय।

### जल्द पूरा करवाने के आदेश

समग्र शिक्षा अभियान के एपीसी रणधीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लड़कियों को उच्च शिक्षा देने में कई बार अभिभावक कुछ पारीवारिक समस्याओं के चलते पीछे हट जाते हैं। शिक्षा के अभाव में लड़कियां शादी के बाद केवल घर के काम काज तक ही सीमित रह जाती हैं। ऐसे में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाए ताकि वह भविष्य में अपना बेहतर करियर बना सके। सभी एबीआरसी को निर्देश दिए कि अपने संबंधित स्कूलों में रोल मॉडल की गतिविधि को जल्द से जल्द पूरा करवा लें।

### रोल मॉडल की सूची तैयार

रोल मॉडल की सूची तैयार कर ली गई है। रोल मॉडल अपने अनुभव सांझा करने के बाद स्कूलों में पढ़ रही छात्राएं अपनी शिक्षा को पूरा करने तथा अपने करियर से संबंधित चुनाव करने में उनसे संवाद स्थापित करेगी। इसके लिए परिषद की ओर से बजट भी जारी किया गया है।

### उचाना के सरकारी स्कूल में छात्राओं के साथ प्राचार्य द्वारा छेड़छाड़ का मामला

# एसआईटी ने कोर्ट में पेश की चार्जशीट

## छह लड़कियों ने अदालत में करवाए बयान दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना स्थित एक सरकारी स्कूल प्राचार्य द्वारा छात्राओं के साथ कथित छेड़छाड़, गंदी हरकतें करने के मामले में एसआईटी द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट पूरी कर ली गई है और इस चार्जशीट को अदालत में पेश किया गया है। चार्जशीट के आधार पर अब अदालत में मामले की सुनवाई की जाएगी। एसआईटी इंचार्ज आईपीएस दीप्ति गर्ग ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मामले की तह तक जाने के लिए हर पहलू पर गंभीरता से ध्यान दिया गया है। बाकायदा स्कूल में जितनी भी छात्राएं थी, सभी की काउंसलिंग करवाई गई है। इसके साथ ही छह छात्राओं द्वारा अपने बयान दर्ज करवा गए हैं। चार्जशीट को कोर्ट में पेश कर दिया गया है। इसके अलावा स्कूल की छात्राओं द्वारा सुसाइड मामले में अभी तक एसआईटी को कोई ठोस सबूत हाथ नही लगे हैं। इस मामले में जिस महिला प्राध्यापिका का नाम सामने आया था, उसके खिलाफ एसआईटी को कोई ठोस साक्ष्य नही मिला है। इसमें महिला आयोग की टीम ने महिला प्राध्यापिका की गिरफ्तारी की सिफारिश भी की थी लेकिन महिला अध्यापिका की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। इसके अलावा अदालत में अब तक 164 के तहत छह छात्राओं ने ही अपने बयान दर्ज करवाए हैं। जिसकी आज अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई।



- प्राचार्य के मोबाइल फोन को भी रिकवरी के लिए लैब में भेजा गया
- कुछ छात्राओं के सुसाइड किए जाने के एंगल से भी की मामले की जांच

जींद। पत्रकारों से बातचीत करते आईपीएस दीप्ति गर्ग। फोटो :हरिभूमि

### जांच जारीः दीप्ति गर्ग

आईपीएस दीप्ति गर्ग ने यह भी बताया कि मामले की जांच लगातार जारी है। पुलिस को अगर कोई और सबूत मिलता है या किसी की काउंसलिंग रहती है तो वह की जाएगी। आरोपित प्राचार्य के मोबाइल फोन को भी रिकवरी के लिए लैब में भेजा गया है तो वहीं कुछ छात्राओं के सुसाइड किए जाने के एंगल से भी जांच की गई लेकिन ऐसा कोई तथ्य या सबूत नहीं मिल पाया है। जिससे साबित हो कि छात्राओं ने प्राचार्य से प्रताड़ित होकर सुसाइड किया हो। प्राचार्य के साथ एक गैस्ट अध्यापिका की मिलीभगत के बारे में भी पुलिस को कोई ठोस सबूत नहीं मिला है।

### ये मामला

उचाना के एक सरकारी स्कूल में छात्राओं द्वारा प्राचार्य के खिलाफ पांच पेज का शिकायत पत्र राष्ट्रपति, महिला आयोग, रा'यपाल को भेजा गया था। इसके बाद रा'य महिला आयोग ने जांच की और चार नवंबर को आरोपित प्राचार्य करतार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। दो दिन के रिमांड के बाद प्राचार्य को जेल भेज दिया गया था। आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन, महिला आयोग द्वारा अलग-अलग मामले की जांच की गई और स्कूल में सभी छात्राओं से व्यक्तिगत अकेले में बात कर उनकी काउंसलिंग की गई और बयान दर्ज किए गए।



ठगी के विरोध में बैंक के बाहर धरने पर बैठे भाकियू नेता भूराराम व अन्य।

# धोखाधड़ी के विरोध में धरना,जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय किसान यूनियन ने बुधवार को स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा के बाहर महिलाओं और मजदूरों के साथ ठगी के विरोध में धरना दिया। धरने की अगुवाई प्रदेश महासचिव भूराराम पबनावा, भाकियू के राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी, जिला प्रधान होशियार सिंह गिल व ब्लाक प्रधान मांगाराम अन्य नेताओं ने की। थाना प्रभारी रामनिवास ने धरना स्थल पर पहुंचकर इस मामले से जुड़ी जानकारी किसान नेताओं और आम लोगों को देने के बाद किसानों ने ये धरना समाप्त कर दिया। बता दे कि फतेहपुर में स्टेट बैंक आफ इंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र चलाने वाले संचालक ने महिलाओं, आम लोगों व मजदूरों के साथ लाखों की ठगी कर ली और अब ठगी का शिकार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। उसने लोगों से पैसा तो लिया लेकिन खाते में जमा ही नहीं किया और जमा की फर्जी रसीद भी लोगों को दे दी।

### हड़ताल के बाद लौटे काम पर कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज

**जींद।** कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज अपनी दो दिन की हडताल के बाद बुधवार को वापस काम पर लौट आए। जिसके चलते ई-दिशा केंद्र, तहसील परिसर में अपने कामों के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज के काम शुरू करने के साथ रजिस्टरियों के कार्य शुरू हो गए और लोगों की आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य फीसें भरी गई। दो दिन का काम पेंडिंग होने चलते कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज को सांस लेने तक की फुर्सत नही थी। काम शुरू होने से लोगों ने भी राहत की सांस ली। सबसे 'यादा परेशानी तहसील में हो रही थी। क्योंकि रजिस्टरी व जमीन की फर्द जैसे काम नही हो पा रहे थे। ऐसे में बुधवार को पूरा दिन जल्द से जल्द काम करवाने के लिए लोगों की मारामारी रही। तहसीलदार रविंद्र हुड्डा ने बताया कि कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज अपनी हडताल समाप्त कर वापस काम पर लौट आए हैं। दो दिन की हडताल के चलते रजिस्टरी, फर्द व जमीन की खरीद-फरोख्त से संबंधित कई कार्य प्रभावित हो रहे थे। जिन्हें बुधवार को एक-एक कर निपटाया गया है।



कैथल । सड़क पर लाइटों के सहारे आगे बढ़ते वाहन चालक। फोटो :हरिभूमि

### छाई धुंध, रेंगकर चले वाहन

**कैथल।** मंगलवार की तर्ज पर बुधवार को भी आसमान में धुंध छायी रही। धुंध के कारण वाहनों के पहिये धीरे-धीरे आगे बढते नजर आए। धुंध के कारण प्रातः के समय रोडवेज बस भी निर्धारित समय से देरी से चली। इस दौरान बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक पार्कों में धूप का आनंद लेते नजर आए। धूप निकलने से तापमान में भी दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। अधिकतम तापमान 22 डिग्री से बढकर 24 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 6 से बढ़कर 7 डिग्री तक पहुंच गया। एक्यूआई भी 308 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। पूरा दिन 102 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चली। हवाओं के चलते सुबह कोहरा कम रहा। नागरिक अस्पताल के फिजिशियन डॉ. राजीव मित्तल ने कहा कि रात को अधिक ठंड होनी लगी है। इसलिए रात को गर्म कंबल या फिर रजाई में सोना चाहिए। बिना रजाई या गर्म कंबल के सोने से शरीर में सिकुडन हो सकती है, जिससे शरीर का रक्त जम जाता है और हार्ट अटैक होने का खतरा बना रहता है। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक ने कहा कि अभी मौसम परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है। इस समय पड़ने वाले धुंध गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद साबित होगी।

### रिश्वत मामलाः एसआई और एएसआई रिमांड पर

**गुहला-चीका।** मंगलवार रात्रि एंटी करप्शन ब्यूरो कुरुक्षेत्र की बड़ी कार्रवाई में फंसले भागल चौकी के इंचार्ज बलविंद्र सिंह व ए.एस.आई. हरपाल शर्मा को कोर्ट में पेश किया गया, जहां माननीय न्यायाधीश ने उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश जारी कर दिए। उक्त जानकारी देते हुए विजिलेंस इन्सपेक्टर रामफल ने बताया कि आरोपी पुलिस अधिकारियों से रिश्वत की राशि की रिकवरी के लिए उन्होंने पुलिस रिमांड मांगा था, जिस पर अदालत ने आरोपियों का एक दिन का पुलिस रिमांड दे दिया। मालूम रहे कि लड़ाई झगड़े के एक केस में नाम निकालने की एवज में उक्त पुलिस अधिकारियों ने 70 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। गिरफ्तारी के बाद आज उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां दोनों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

# वार्डबंदी के विरोध में प्रदर्शन

- सीवन व गोबिन्दपुरा के निवासियों का नपा कार्यालय में रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

नगरपालिका सीवन की वार्डबंदी के विरोध में सीवन व गोबिन्दपुरा के निवासी सीवन नपा कार्यालय में एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि सीवन नपा का जो नक्शा बनाया है उसके अनुसार वार्ड बंदी की जा रही है जोकि सही नहीं है। जगह के हिसाब से वार्डबंदी नहीं हो सकती है। अमरेन्द्र सिंह खारा, बलदेव सिंह बल्ली, सुरेन्द्र नागपाल, पाला सौदा, प्रेम शर्मा, सतपाल सैनी व अन्य का कहना था कि कागज पर बने नक्शे के अनुसार नगर की वार्डबंदी की जा रही है जो सही नहीं है। नक्शे के अनुसार तो कहीं अधिक जनसंख्या हो सकती है और कहीं पर कम हो सकती है। ऐसे में सही प्रकार से वार्ड बंदी नहीं होगी। जो यह नक्शा बनाया है कहीं पर किसी वार्ड में अधिक स्थान लिया है ओर कहीं पर कम स्थान लिया है। लोगों का कहना था कि डेरों को सीवन नपा में शामिल किया है जोकि पहले गोबिन्दपुरा पंचायत में आते थे। नपा की ओर से डेरों में विकास कार्य नहीं करवाए जा सकते हैं। तहसीलदार अनिल बिढान, नायब तहसीलदार सुनील कुमार और नगरपालिका सीवन के सचिव राजेश शर्मा पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझाया।



सीवन। लोगों से बात करते प्रशासन के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### विधायक गोलन ने ट्यूबवैल का किया उद्घाटन

# कई वार्डों के लोगों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि हलके में लगातार विकास का क्रम जारी है। सामूहिक विकास कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है और 36 बिरादरी को साथ लेकर चल रहे हैं। सड़कें, गलियां, पानी, बिजली, स्वास्थ्य व अन्य सभी सुविधाओं का लाभ शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ-सबका विकास की नीति से कार्य कर रहे हैं और हलके के विकास कार्यों की जितनी भी मांगे उनको दी जाती है, सभी मांगे स्वीकृत की जाती है। विधायक शहर में 20 लाख रुपये से स्वच्छ पानी के टयूबवैल का उद्घाटन करने उपरांत शहर वासियों को संबोधित कर रहे थे। विधायक गोलन का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचनें पर वार्डवासियों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि टयूबवैल सैनी मोहल्ला में इंडोर आउटडोर स्टेडियम के पास लगाया है। कई वार्डों के वासियों को पीने का साफ पानी मिलेगा। आज सभी गांव में बढ़िया सड़कें है। हर गांव में 36 बिरादरी के लिए भव्य चौपालों का निर्माण किया जा रहा है। हरियाणा में एकमात्र पूण्डरी हल्के में लोक निर्माण विभाग से लगभग 30 गांवो में लाइट लगवाई हैं।



पूंडरी। विधायक रणधीर सिंह गोलन टयूबवेल का उद्घाटन करते हुए ।

### ये रहे मौजूद


विधायक ने कहा कि हर दिन पूण्डरी में ग्रांट आ रही है हर दिन नई-नई ईमारतों के उदघाटन किए जा रहे हैं। विधायक गोलन नें सभी शहरवासियों का तहेदिल से आभार प्रकट किया और कहा कि आप लोगो के मेरा हर एक पल बड़ा ही कीमती है। करोड़ों रुपये के कार्य पाईपलाईन में हैं, जल्द कार्य शुरू करवा देंगे। इस मौके पर कुलदीप सैनी, बीरा सैनी, जयपाल सैनी, जितेंद्र राणा, मंदीप राज, अजमेर गोलन, जेई जगदीश, जेई विजय शर्मा सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

# नशीला पदार्थ बेचने के जुर्म में 7 साल की जेल

- अदालत ने सजा के अलावा दोषी को लगाया 70 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नौरिया की अदालत ने नशीले पदार्थ बेचने के जुर्म में दोषी को 7 साल का कारावास तथा 70 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत मे दोषी को एक साल का अतिरिक्त करावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार 4 जनवरी 2018 को सूचना मिली थी कि रामनगर रोहतक रोड पर किराये पर रहा कैथल निवासी विक्की नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करता है। जिसके आधार पर पुलिस ने विक्की के मकान के आस पास निगाह रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद विक्की कट्टा लेकर दिखाई दिया। पुलिसकर्मियो ने काबू कर कट्टे की तलाशी ली तो उसमे 14 किलो गांजा बरामद हुआ। शहर थाना पुलिस ने विक्की के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था।



**खबर संक्षेप**

### भारतीय भाषा उत्सव के तहत कार्यक्रम

**जींद।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल जींद के छात्र, छात्राओं ने भारतीय भाषा उत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न वर्गों अर्थात नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के बच्चों ने अपनी-अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। भारतीय भाषा उत्सव के तहत कार्यक्रम में बहुभाषी संगोष्ठी तमिल, कन्नड़, मराठी, गुजराती आदि शामिल थे।

### बराड़खेड़ा में बाबा तकिए का 21वां जागरण आज

**जींद।** गांव बराड़खेड़ा में 21वां विशाल जागरण वीरवार को आयोजित किया जाएगा। सुभाष भगत व दयासिंह सांगवान ने बताया कि हर वर्ष बाबा तकिए का जागरण देशी घी का भोग लगा कर किया जाता है। इस जागरण में हिस्सा लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने बताया कि जागरण में गायक रेणू पांचाल, प्रीति चौहान, मोनू, सीताराम अपने भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे।

### मशरूम की खेती के बारे में बच्चों को दी जानकारी

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय सफीदों में बुधवार को प्लेसमेंट सेल, बॉटनी एवं जूलॉजी सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मशरूम कल्टीवेशन एवं उससे मिलने वाले रोजगार के अवसर पर लेक्चर एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। जबकि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर अशोक कुमार व सुनीता ने शिरक्त की।

### सट्टा खाईवाल करते दो काबू, 15 हजार बरामद

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाल करते दो लोगों को काबू कर उनके कब्जे से लगभग 15 हजार रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव दालमवाला निवासी सुमित अपोलो रोड पर सट्टा लगवा रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुमित को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 4790 की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद हुई।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने ली समीक्षा बैठक

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने बुधवार को अपने कार्यालय में पीएम विश्वकर्मा योजना की एक समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों से बारीकी से आमजन को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जाना और दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर नगराधीश नमिता, एलडीएम विनोद कुमार, सहायक निदेशक कपिल मित्तल, भाजपा जिला महामंत्री डा. राज सैनी, आईईओ सुमन व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मैथमेटिकल सॉफ्ट स्किल विषय पर सेमिनार

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में गणित विभाग में मैथमेटिकल सॉफ्ट स्किल विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि दैनिक जीवन में गणित के उपयोग को समझना आवश्यक है। इस से हम अपने जीवन को सरल बना सकते हैं। संयोजक डा. भगवानदास ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों में कुशलता का संचार होता है।

### जितेंद्र गर्ग बने बर्तन मचेंर्ट एसो .के प्रधान

**जींद।** बर्तन मचेंर्ट एसोसिएशन की बैठक सेठों वाली धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2024 के लिए जितेंद्र गर्ग को प्रधान मनोनित किया गया। बर्तन एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने फूलमाला पहना कर जितेंद्र गर्ग का स्वागत किया। जितेंद्र ने सभी साथियों का प्रधान का दायित्व देने पर धन्यवाद किया।

### नगरपालिका सफाई कर्मचारियों की बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के भामाशाह पार्क में नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपा के सफाई कर्मचारियों के प्रधान जूनियर ने की। कर्मचारियों को संबोधित करते मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने कहा कि नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ सरकार अन्याय कर रही है।

## ऑनलाइन काम का दबाव बनाए जाने पर जताया रोष

# आंगनबाड़ी वर्कर्स-हैल्पर्स ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

### जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आंगनवाड़ी वर्कर एवं हैल्परों ने बुधवार को अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। धरने की अध्यक्षता आंगनवाड़ी वर्कर एंड हैल्पर यूनियन की कोषाध्यक्ष सुदेश देवी व संचालन जिला सचिव सुमन देवी ने किया। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी वर्कर एवं हैल्पर अपनी जायद मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रही हैं। प्रदेश सरकार आंगनवाड़ी वर्करों पर ऑनलाइन का लगातार दबाव बना रही है लेकिन आज तक ऑनलाइन काम के लिए न तो मोबाइल उपलब्ध करवाए हैं और न ही किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग दी गई है। आंगनवाड़ी वर्करों से पोषण ट्रैक्टर का काम जबरदस्ती व्यक्तिगत मोबाइल से करवाया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों ने आंगनवाड़ी वर्करों को आदेश दे रखे हैं कि पीएमएमवीवाई के फार्म आंगनवाड़ी वर्कर को खुद की आईडी से भरने होंगे।

अगर कुछ गलती होती है तो आंगनवाड़ी वर्कर ही जिम्मेदार होगी और लाभार्थी का पैसा देने के लिए स्वयं उत्तरदाई होंगे। इस कारण तमाम आंगनवाड़ी वर्करों में हरियाणा सरकार के खिलाफ भारी रोष है। इनके इलावा यूनियन की जिला सचिव सुमन देवी को बार-बार विभाग के अधिकारियों द्वारा परेशान किया जा रहा था और आखिर में सुमन देवी को सेवा से पदमुक्त कर दिया गया। जिससे जिलेभर की आंगनवाड़ी वर्करों एवं हैल्परों में भारी गुस्सा है। आज तक सुमन देवी को बहाल नहीं किया गया है। यूनियन मांग करती है सुमन देवी को बहाल किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों का बकाया किरायाए वर्दी का भत्ता तीन-तीन साल से अटका हुआ है, उसको जारी किया जाए।




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स व हैल्पर। फोटो : हरिभूमि



जींद। मांगों को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुएआंगनवाड़ी वर्कर व हैल्पर।

### न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाए

आंगनवाड़ी केंद्र में उपयोग होने वाली स्टेशनरी, राशन बनाने के लिए सिलेंडर, पीने के पानी व बिजली इत्यादि की व्यवस्था की जाए। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में की गई घोषणा के अनुसार वर्कर को कुशल व हैल्पर को अकुशल की श्रेणी में रखा जाए। ऐरियर का भुगतान किया जाए। 2021-22 में आंदोलन के दौरान का काट गया बकाया मानदेय जारी किया जाए। बर्खास्त वर्करों व हैल्परों की बर्खास्तगी की अवधि का बकाया मानदेय जारी किया जाए। वर्कर से सुपरवाइजर की पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर की जाए और 50 प्रतिशत का कोटा तय किया जाए। आंदोलन के दौरान दर्ज मुकद्दमे रद्द किए जाएं। पोषण ट्रैक एप पर जबरदस्ती काम बंद हो। इसके लिए तुरंत मोबाइल फोन जारी किया जाए। वर्कर, हैल्पर के खाली पड़े पदों पर तुरन्त भर्ती की जाए। ड्यूटी के दौरान आंगनवाड़ी वर्कर, हैल्पर की दुर्घटना में निधन पर पांच लाख का मुआवजा व घायल होने पर इलाज की व्यवस्था की जाए।

# एक भी काम गठबंधन सरकार ने जींद में नहीं किया: दीपेंद्र हुड्डा

- डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के बयान पर बोले राज्यसभा सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

कांग्रेस के राज में जींद, जुलाना को पाकिस्तान की तरह समझते हुए विकास नहीं करवाने के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के बयान पर बोलते हुए कांग्रेस राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अपना राजनीतिक खोया हुआ अस्तित्व बचाने के लिए इस तरह के बयान दे रहे है। डिप्टी सीएम जुलाना गए होंगे तो सबको पता है कि जिस नेशनल हाइवे से वो गए वो भी कांग्रेस सरकार की देन है। जींद में बनी यूनिवसिर्टी, जींद-गोहाना-सोनीपत रेलवे लाइन, जींद में बना स्टेडियम, जुलाना में कॉलेज, बस अड्डा, अनाज मंडी जुलाना, जींद में बना लड़कियों का कॉलेज, जींद में 200 बैड का अस्पताल वो भी हुड्डा सरकार में बना। जींद में ये काम अगर हटा दे तो एक भी काम गठबंधन सरकार ने जींद के अंदर नहीं किया। कुछ राजनीति लोग केवल अपनी राजनीति रोटी सेंकने के लिए इस तरह की बयान बाजी करते है। इस तरह की बातें अब नहीं चलने वाली गठबंधन सरकार का चेहरा लोगों के सामने आ चुका है।

# किसान-सामाजिक मुद्दों को लेकर कल सौंपेंगे ज्ञापन: टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वखाप जनकल्याण मंच व किसान संगठनों की बैठक गांव कंडेला के राष्ट्रीय मुख्यालय पर सर्वजातीय कंडेला खाप व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों की मुख्य मांगे व अन्य सामाजिक मुद्दों को लेकर 15 दिसंबर को गोहाना रोड स्थित कचहरी रोड के सामने जींद के सभी संगठनों के पदाधिकारी इकट्ठे होकर उपायुक्त को शांतिपूर्वक तरीके से ज्ञापन सौंपेंगे। कंडेला ने कहा कि देश के किसानों की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। इसलिए केंद्र सरकार को किसानों के सभी कर्ज माफ करने चाहिए। इसके साथ-साथ स्वामीनाथन आयोग की पूर्ण रिपोर्ट को लागू करना चाहिए। फसलों का सभी एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए। सहकारी बैंकों के द्वारा किसानों से जो ब्याज वसूला जा रहा है, उसे बंद करना चाहिए व कर्ज माफ करने चाहिए।



टेकराम कंडेला

# सतविंद्र प्रधान, उपप्रधान बने नरेश

- प्राथमिक शिक्षक संघ खंड उचाना की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जीपीएस उचाना मंडी में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव के पर्यवेक्षक के तौर पर जिला प्रधान रूपेंद्र गोयत, राजेश टांक, अश्वनी नैन, प्रदीप जागलान, सोमदत्त बेदी ने विधिवत तरीके राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संविधान के अनुरूप चुनाव संपन्न करवाया। संघ के प्रेस प्रवक्ता हरिकेश कापड़ो ने लगातार दूसरी बार सतविंद्र श्योकंद को प्रधान पद की जिम्मेदारी दी गई। सचिव रवींद्र कुमार, कोषाध्यक्ष बलजीत जांगड़ा, उपप्रधान नरेश यादव, संगठन संरक्षक सूरजमल श्योकंद, ऑडिटर बबलू, वरिष्ठ उप प्रधान सुरजीत, संयोजक संदीप थलौड, महिला चेयरमेन 'योति श्योकंद, उप प्रधान नीलम श्योकंद को सर्व सम्मति से बनाया गया। प्रधान सतविंद्र श्योकंद, अश्विनी नैन ने कहा कि सरकार लगातार प्राथमिक स्कूलों को मर्जिंग के नाम पर बंद करने का गलत प्रयास कर रही है।

जो प्राथमिक शिक्षा और आम जनमानस के बच्चे की शिक्षा के साथ खिलवाड़ है। गांवों और ढाणियों के बच्चे प्राथमिक विद्यालय में पढ़कर अगली कक्षाओं में जाते हैं। यदि गांव-ढाणी के स्कूल बंद कर दिए जाएंगे तो बच्चे प्राथमिक शिक्षा से बहुत दूर चले जाएंगे।



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ उचाना की चुनी कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

### सर्वोत्तम माता में बराह कला की मोना प्रथम

**जींद।** महिला व बाल विकास विभाग जींद में ब्लाक स्तर पर महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता कार्यक्रम महिला व बाल विकास कार्यालय में किया गया। जिसमें प्रत्येक सर्कल स्तर से सर्कल स्तर पर सम्मानित सवाेर्त्तम माता को बुलाया गया। महिला व बाल विकास अधिकारी कांता यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं में उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है। कहा कि स्वस्थ माता ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है। बच्चे के भरण पोषण के लिए भी वह जागरूक होती है। इस प्रतियोगिता में महिला के बच्चों के रखरखाव, खानपान और स्वस्थ रहने के तौर तरीकों को ध्यान में रख कर उनका चयन किया जाता है। प्रतियोगिता का आयोजन सर्कल स्तर पर सभी ब्लाकों के स्तर पर किया । सीडीपीओ कांता यादव ने बताया कि तीन ब्लाक स्तर पर चयनित सर्वोत्तम माता को पुरस्कार दिए । सर्वोत्तम माता में प्रथम गांव बराह कला की मोना पत्नी अमित, द्वितीय ईक्कस की पावर्ती पत्नी सोनू तथा तृतीय स्थान पर गांव निडानी की मनीषा पत्नी विक्रम रही।

# जरूरतमंद बच्चों को बांटे जूते-जुराब

- राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में जरूरतमंदों को वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सात्विक मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में जरूरतमंद बच्चों को जूते व जुराब वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सात्विक मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. संदीप गोयल ने की। इस अवसर पर करीबन 100 जरूरमंद बच्चों को जूते व जुराब बांटे गए। इस अवसर पर साड़ी एसोसिएशन के प्रधान सावर गर्ग, डा. रामधन जैन, पवन बंसल, दीपक गर्ग, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे। डा राजकुमार गोयल ने कहा कि सात्विक मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा सर्दी के मौसम को देखते जरूरतमंद को आज जो जूते व जुराब वितरण करने का कार्य किया गया है वह काफी सराहनीय है। इस स्कूल में काफी ऐसे बच्चे थे जिनके आर्थिक तंगी के चलते पैरों में जूते भी नहीं थे। ऐसे करीबन 100 बच्चों का चयन कर जूते व जुराब बांटे है। कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है और जो लोग धर्म के इस कार्य में समय समय पर आहुति डालते रहते हैं भगवान की उन पर हमेशा कृपया बनी रहती है। गोयल ने कहा कि हम सबको इस प्रकार के धर्म के कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।



जींद। जरूरतमंद बच्चों को जूते व जराब वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि




अलेवा। चांदपुर गांव में प्रभात फेरी निकालते राजकीय मिडिल स्कूल के बच्चे।

### विद्यार्थियों ने जल संरक्षण पर निकाली प्रभात फेरी

**अलेवा।** चांदपुर गांव के राजकीय मिडिल स्कूल में जल जीवन मिशन के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राजेश नरवाल ने की तथा मुख्य रूप से सामाजिक शास्त्री राजेंद्र कालता ने भाग लिया। सरपंच राजेश नरवाल ने जल जीवन मिशन पर बच्चों की रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि जल बचेगा तो कल बचेगा। अगर पीने के लिए स्वच्छ पेयजल ही नहीं होगा तो हमारा जीवन खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमि पर जल की मात्रा बहुत है, लेकिन पीने के लिए स्वच्छ पेयजल की मात्रा बहुत ही कम है। समय रहते जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया तो वह दिन दूर नहीं जब पेयजल के लिए संकट उत्पन्न हो जाएगा। राजेंद्र कालता ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

- छात्र अपनी सोच और विवेक को स्पष्ट रखें : वीपी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय द्वारा प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। आईएएस अंकित चोकसे, विकास मालिक और नेहा नोहरिया कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल हुए। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष संदीप दहिया ने पुरस्कार विजेताओं को केवल विश्वास के साथ कठिन लड़ाई जीतने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि यह मेरिट इव कार्यक्रम न केवल शैक्षणिक उपलब्धियां की परिणति का प्रतीक है बल्कि अगली पीढ़ी के नेताओं और उपलब्धि हासिल करने वाले को प्रेरित करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है।

विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और प्रमुख समन्वयक सुरेंद्र कुमार ने छात्रों को अपनी सोच और विवेक को स्पष्ट रखने की सलाह दी। छात्रों ने कार्यक्त्रम में गणेश वंदना, नृत्य जो शाम को सांस्कृतिक समृद्धि का संचार करेगा, शिक्षा के क्षेत्र में एक सच्ची प्रेरणा, डा. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन और विरासत का सम्मान करते हुए एक मनोरम नाटकीय प्रदर्शन के लिए मंच तैयार किया। इस मौके पर मीना कुमारी, पूजा पसरीजा, पूजा हुड्डा व अन्य अध्यापक मौजूद रहे।



जींद। प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। शपथ लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं को शराब सेवन निषेध को लेकर शपथ दिलाई

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को शराब सेवन निषेध को लेकर शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब प्रभारी डा. अंशु द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 80 छात्राएं मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या ने छात्राओं से अपने परिवार एवं पड़ोस में शराब के सेवन करने वाले लोगों को इसके दुष्परिणाम बताने एवं जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि भारत को युवा देश माना जाता है। हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि देश में दस करोड लोग नशे की गिरफ्त में है, जिन में अधिकतर युवा है। यह बहुत ही चिंतनीय है। अंत में सभी छात्राओं ने शपथ ली कि वे अपने परिवार और समाज के अधिक से अधिक लोगों को शराब सेवन से बचने के लिए प्रेरित करेंगे।

## चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# केएम राजकीय कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की 9वी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन 11 व 12 दिसंबर 2023 को विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर अपने नाम कर लिया। जिसके बाद पुरी टीम का महाविद्यालय पहुंचने पर राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीनू सिंह ने टीम इंचार्ज मेजर सुरेंद्र कुमार व प्रोफेसर मीनाक्षी के साथ प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया। वहीं टीम इंचार्ज मेजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि 41 अंको के साथ के एम राजकीय महाविद्यालय ने ट्राफी को अपने नाम किया जबकि दुसरे स्थान पर रहने वाली टीम के 33 अंक थे। खिलाड़ियों की उपलब्धि के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया व उनके उ'जवल भविष्य कामना की। इस अवसर पर उपप्राचार्य कृष्ण कुमार, प्रोफेसर डॉ जयपाल देशवाल, प्रोफेसर लाल सिंह, जगबीर दूहन, डॉ राम भगत उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी अंकुश ने तीन गोल्ड मेडल लॉन्ग जंप व हाई जंप व 400 मीटर रिले रेस अमित ने दो गोल्ड मेडल व एक सिल्वर मेडल 400 मीटर रिले रेस व ट्रिपल जंप व लॉन्ग जंप में प्राप्त किया नितिन ने एक गोल्ड मेडल व एक सिल्वर मेडल 400 मीटर रिले व जैवलिन थ्रो में प्राप्त किया। हमीद ने एक गोल्ड मेडल व एक ब्रांज मेडल जैवलिन थ्रो और ट्रिपल जंप में प्राप्त किया। अभिषेक ने एक गोल्ड मेडल और दो ब्रॉन्ज मेडल 800 मीटर रिले व 1500 मीटर और 400 मीटर हर्डल में प्राप्त किया। सिमरनजीत ने सिल्वर व एक ब्रोंज मेडल शॉट पुट व डिस्कस थ्रो में प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्रा ईशा ने लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।



नरवाना। ओवरऑल ट्राफी जीतने पर खिलाडियों को सम्मानित करते कॉलेज स्टाफ। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी डॉ .डीडी विद्यार्थी के साथ। फोटो :हरिभूमि

### खंड स्तर पर डीएवी स्कूल के बच्चों ने जीते पुरस्कार

**जींद।** गीता को विश्व की सबसे प्राचीन जीवित संस्कृतिए भारत की महान धार्मिक सभ्यता के प्रमुख साहित्यिक प्रमाण के रूप में देखा जा सकता है। भगवत गीता को गीत उपनिषद भी कहा जाता है। यह वैदिक ज्ञान का सार है और वैदिक साहित्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपनिषद भी है। इसमें भगवान कृष्ण ने कर्तव्य विमुख हुए अर्जुन को निष्काम कर्म करने का उपदेश दिया है। यह बात डीएवी विद्यालयों के क्षेत्रीय निदेशक और प्राचार्य डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर लौटे विद्यार्थियों से कहीं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन सात दिसंबर को गोपाल विद्या मंदिर में खंड स्तर पर किया गया। जिसमें उनके द्वारा निर्धारित कक्षा नवमी से बारहवीं व छठी से आठवीं दो समूहों में प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इसमें निबंध लेखन, गीता श्लोक उच्चारण भाषण, संवाद, प्रश्नोत्तरी व पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। दोनों ही समूह में हमारे विद्यालय के बच्चों ने प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम समूह में पेंटिंग में निखिल ने प्रथम पुरस्कार, श्लोक उच्चारण में दुष्यंत ने द्वितीय, प्रश्नोत्तरी में सृष्टि हेमांग व पुष्कर ने सांत्वना, भाषण में काकुल व खुशी ने सांत्वना, निबंध में कीर्ति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### गांव करोड़ा में सम्मान समारोह का आयोजन

**पूंडरी।** गांव करोड़ा में ग्रामीण कृष्ण करोड़ा द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुनीता बत्तान के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर टेका राम बनवाल ने सुनीता को मान-सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया

### किया गीता प्रश्नोत्तरी पुस्तक का विमोचन

**कैथल।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में खंड स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश चंद्र कौशिक, बीआरसी सतीश शर्मा और विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्म सिंह ने सुनील दत्त प्राध्यापक संस्कृत द्वारा लिखित पुस्तक गीता प्रश्नोत्तरी का विमोचन किया।

### डॉ. विजय ने लिया कार्यशाला में भाग

**कैथल।** राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा 2023 के हिंदी अनुवाद कार्य हेतु आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में डॉ विजय चावला ने लिया भाग। हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में शिरकत की। डॉ विजय चावला ने जानकारी देते बताया कि एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा 11 से 12 दिसंबर तक विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा के हिंदी अनुवाद कार्य हेतु राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला ऑफलाइन मोड़ में आयोजित की गई थी।

### मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**राजौंद।** राजकीय कन्या वमावि व खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप ने की जबकि मास्टर ट्रेनों द्वारा शिक्षा विभाग के 50 के लगभग कर्मचारियों को इस दौरान प्रशिक्षण दिया गया।

### मारने की धमकी देने का आरोप

**कैथल।** तितरम पुलिस ने विवाहिता से दुष्कर्म, जातिसूचक शब्द कहने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार व्यक्तियों को नामजद किया है। का आरोप लगाया है। एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि कुछ समय पूर्व उसकी सुरेंद्र नामक युवक के साथ काफी समय से जान पहचान थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव वजीर नगर व चौशाला में पहुंची राज्यमंत्री कमलेश ढांडा

# गरीब को छत से चूल्हे तक सशक्त कर रही सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद, पात्रों को सौंपे गैस कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कलायत। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा चौशाला में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।



कलायत। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अपनी प्रस्तुति देते कलकार।



महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढे 9 साल में गरीब के दर्द को न केवल समझने का काम किया है, बल्कि उसे मरहम लगाते उनके जीवन में सहूलियत को बढ़ाने का काम किया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सरकार गरीब को छत देने से लेकर चूल्हा तक उपलब्ध कराने की दिशा में मजबूती से काम कर रहे हैं। कहा कि गारंटी की गाडी इस व्यवस्था को घर-घर पहुंचाने में सफल साबित हो रही है। बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा कलायत विधानसभा के गांव वजीर नगर और चौशाला में पहुंची, जहां एसडीएम देवेंद्र शर्मा, पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया । देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाने उपरांत राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद किया। कहा कि गरीबी को मिटाने के नाम पर दशकों तक राजनीति होती रही। लेकिन प्रधानमंत्री ने बीते साढे नौ साल के शासन के दौरान गरीब वर्ग के उत्थान को लेकर प्रभावी योजनाएं बनाते उनका क्रियांवयन करने का काम किया है। कहा कि गरीब को सरकारी ही नहीं, बल्कि निजी अस्पताल में अच्छा इलाज मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना से सालाना 5 लाख तक फ्री इलाज की व्यवस्था दी है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाते चिरायु आयुष्मान योजना शुरू की, जिसमें 1.80 लाख सालाना आमदनी वाले परिवार को फ्री व 1.80 लाख से 3 लाख तक वालो को 1500 रुपये वार्षिक राशि पर 5 लाख का फ्री इलाज करवाने की व्यवस्था की है।

### सरकार युवा व गरीब वर्ग की हितैषी: कुलवंत



**गुहला-चीका।** पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कहा कि सरकार प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में सजगता के साथ कार्य कर रही है, इतना ही नहीं केंद्र व राज्य सरकार ने हमेशा किसान, मजदूर, महिला, युवा व गरीब वर्ग का ध्यान रखा है। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर विधानसभा क्षेत्र के गांव लालपुर व हेमुमाजरा में भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। गांवों में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर में जागरूकता वाहन चल रहे हैं, जिसके माध्यम से आमजन को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

### पिलनी व सांच पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**पूंडरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव-गांव पहुंचा रही है। बुधवार को ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्व के गांव पिलनी व सांच में पहुंची इन कार्यक्रमों में पूर्व विधायक तेजबीर सिंह और बीजेपी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनिता चौधरी, बीजेपी नेता सुभाष हजवाना ने शिरकत की तथा लाभार्थियों से संवाद किया। पूर्व विधायक तेजबीर सिंह और बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी, बीजेपी नेता सुभाष हजवाना ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गांव सांच में पात्र गरीब लाभार्थियों को गैस कनेक्शन के साथ गैस चूल्हा व सिलेंडर भी दिए। उज्जवला योजना के लाभार्थियों में सोनिया पत्नी दीपक, पल्लवी पत्नी सुरेंद्र, दीपा पत्नी कुलदीप, अंजू पत्नी सुमित, ममता पत्नी बलिंद्र तथा फूलपति पत्नी राम स्वरूप शामिल हैं। इस दौरान लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्व के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभान्वित कर रही है।

### पात्रों तक पहुंच रहा का लाभः लीला राम

**कैथल।** विधायक लीला राम ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। हर नागरिक का सपना भारत को एक विकसित राष्ट्र रूप में देखना होना चाहिए। सभी को साथ मिलकर एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देना होगा। अपना कौशल निखार कर विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए। विधायक लीला राम हलका कैथल के गांव सिरटा व ऊझाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोक हितैषी कार्यों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण किया। इस मौके पर उन्होंने विकसित राष्ट्र विषय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के पात्र लाभार्थियों को भी मुफ्त गैस कनैक्शन के साथ सिलेंडर व गैस चुल्हा दिया। विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई और सराहनीय कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं गरीब व्यक्तियों तक घर- घर पहुंचाने का कार्य कर रही है अब किसी को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते न ही किसी की सिफारिश लगवानी पड़ती सभी कार्य ऑनलाईन किए गए हैं। इस मौके पर एसडीएम कपिल कुमार, पाला राम, संजय भारद्वाज, राम कुमार नैन, रिंकू, रोशन लाल, हरेंद्र, अनुराग दत्त आदि मौजूद रहे।



### रामा नर्सिंग कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**कैथल।** रामा नर्सिंग कॉलेज कुतबपुर का जीएनएम का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। आज सैंकड़ों छात्राओं ने कॉलेज में पहुंचकर खुशी मनाई। शानदार रिजल्ट का श्रेय डायरेक्टर सुभाष संधू ने कॉलेज स्टाफ, बच्चों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि शानदार परीक्षा परिणाम संस्था के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। संधू ने कहा कि सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत है। आज के युग में कोई ऐसी चीज नहीं हो असंभव हो। कड़ी मेहनत से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। जीएनएम स्कॉप को लेकर उन्होंने कहा कि इसके बाद बच्चे बीएससी या विदेशों में जाकर भी अपना कैरियर बना सकते हैं। मेडिकल लाइन में कैरियर के साथ-साथ सेवा का काम भी है। डायरेक्टर सुभाष संधू ने बच्चों व स्टाफ के उज्जवल भी कामना की। जीएनएम की छात्रा मुस्कान, माफी, शिवानी, मनीषा ने बताया कि रिजल्ट शानदार रहा। हमारी क्लास ने शानदार किया। सभी बच्चों की अच्छी पॉजीशन आई हैं। दृढ़ निश्चय से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। क्लास का माहौल ऐसा था कि रेगूलर पढ़ाई की।

# आरपीएस ग्रुप के कबीर ने हरियाणा में हासिल किया पहला रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। क्लैट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी।

आरपीएस ग्रुप के कबीर डाबला ने हरियाणा में कैटेगरी में पहला रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके अलावा आरपीएस के जतिन ने दूसरा, समीर यादव ने पांचवां, सिद्वांत ने 31वां, मनीषा ने 35वां रैंक अपनी कैटेगरी में हासिल किया है। रुचि शर्मा ने 97.25 अंकों के साथ एआईआर 185, निधि निर्मल ने 92.75 अंकों के साथ कैटेगरी में 40वां रैंक, जतिन ने 94.25 अंकों के साथ कैटगरी में 43वां रैंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया हैं। विद्यालय के 59 विद्यार्थियों ने क्लैट में क्वालिफाई कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसके अलावा आरपीएस ग्रुप से हिमांशु, समर यादव, दीया मेहरा, सिद्धांत, मनीषा, सच, निधि चौहान, हैप्पी, माही, नंदिनी, दक्ष, जयवीर, युग, यशवीर, तनीषा, नैंसी, हंसिका, रिया यादव, गौरव, भारत, कल्पना यादव, नताशा, रक्षित वर्मा, तानिया, मन्नत, रुचि शर्मा, जतिन, आकांक्षा तंवर, साक्षी, कीया गौतम, दिव्यांजलि, अंबिका, यतुशी चौहान, अखिल यादव, प्रियांशु, यादवेंद्र यादव, तनुश्री, किशिता, अक्षित, वानी, धरिती, पूर्वी, नंदिनी राव, हिमानी राव, कनिष्क, जितेश, दीपेश, कृष्ती ने क्लैट क्वालिफाई किया है। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव ने उन्हें सम्मानित कर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप के बच्चे हर प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए सफलता का परचम लहरा रहे हैं। बीते दिवस विद्यालय का आठवीं कक्षा छात्र मयंक केबीसी से करोड़पति बनकर लौटा है यह हम सब के लिए गौरव की बात है। सीईओ इंजी मनीष राव ने कहा कि क्लैट की परीक्षा में देशभर से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। इस परीक्षा के आधार पर छात्र-छात्राओं की पहली पसंद एनएलएसआईवी बैंगलुरू, एनएलयू दिल्ली, एनएएल एसएओआर हैदराबाद, डब्ल्यूबीएनएलयू वैस्ट बंगाल तथा एनएलयू भोपाल संस्थान होते हैं। राष्ट्रीय स्तर की यह परीक्षा में हर वर्ष नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज द्वारा आयोजित की जाती है। परीक्षा के आधार पर ही बड़े संस्थानों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जाता हैं। इसके बाद चयनित छात्र-छात्राएं ही संबंधित मिलने वाले संस्थानों में कानून की पढ़ाई पढ़ लोगों को न्याय प्रदान करते हैं।



## नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत बुधवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार द्वारा जिला जेल कैथल में बंदियो को तथा गुरु तेग बहादुर खालसा पब्लिक स्कूल कैथल के विद्यार्थियों को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए इस दौरान बताया गया कि मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा करने वालो को समाज घृणा से देखता है।

# बसपा जिलाध्यक्ष साथियों सहित कांग्रेस में शामिल

- सांसद रणदीप सिंह सुर्जेवाला ने पार्टी का पटका पहनाकर किया सभी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। सांसद सुरजेवाला के नेतृत्व में सतबीर भाणा के साथ कांग्रेस में बसपा को छोड़कर शामिल होते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतबीर भाणा की अगुवाई में आज हलका पूंडरी से बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ने अपने साथियों सहित पार्टी को दिल्ली एआईसीसी कार्यालय में पहुंचकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुर्जेवाला में आस्था जताते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस में शामिल सभी सदस्यों को सांसद रणदीप सिंह सुर्जेवाला ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद अपने कार्यालय पूंडरी में एक मुलाकात में बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सतबीर भाणा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वालों में गांव सांच से शीशन कैथल जिलाध्यक्ष बसपा, सलिंदर बाकल, सुभाष बाकल, सुखबीर मोहना कोषाध्यक्ष नंबरदार एसोसिएशन पूंडरी, सुशील भाणा, पाशा भाणा, सुरेंद्र सांच कोषाध्यक्ष बी.आर. संस्था सांच ,नसीब सांच, विजय सांच के साथ कई लोगों ने बहुजन समाज पार्टी को छोड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के साथ एससी समाज का जमकर शोषण कर रही है, इससे साफ है कि भाजपा सरकार पूरी तरह से एससी विरोधी है और उनके हितों से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा है कि एससी समाज हमेशा से ही मेहनतकश रहा है। ये वह लोग हैं, जिन पर हमारे समाज की नींव टिकी हुई है। इस समाज के मान-सम्मान में कांग्रेस ने कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस ने एससी समाज के लोगों की अपनी सरकार में भागीदारी बढ़ाने के लिए खूब प्रतिनिधित्व प्रदान किया, ताकि एससी समाज की आवाज किसी भी स्तर पर कमजोर न पड़े। सतबीर भाणा ने कहा कि कांग्रेस में शामिल बसपा जिलाध्यक्ष शीशन के साथियों सहित कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी और अधिक मजबूत हुई है तथा पार्टी को पूरा लाभ मिलेगा। बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल सभी साथियों को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

# एनईपी के तहत सभी पेपर विश्वविद्यालय लेगाः गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



नई शिक्षा नीति के तहत प्रथम वर्ष की परीक्षाओं के संबंध में, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र से एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें स्पष्ट किया गया कि यूजी छात्रों के लिए एनईपी के तहत प्रमुख और लघु पाठ्यक्रमों के सभी पेपर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाएंगे।

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने स्पष्ट किया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों की डेट शीट, प्रश्न पत्र सेटिंग और मूल्यांकन विश्वविद्यालय अपने स्तर पर करेगा और छात्र आरकेएसडी कॉलेज, कैथल में अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों पर अपनी परीक्षा देंगे। हालाँकि, एईसी, वीएसी और एसईसी पाठ्यक्रमों के लिए, डेट-शीट और पेपर सेटिंग विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी, जबकि मूल्यांकन कॉलेजों द्वारा अपने स्तर पर किया जाएगा। एमडीसी कोर्स के लिए डेट-शीट, पेपर सेटिंग, आचरण और मूल्यांकन भी संबंधित कॉलेज के स्तर पर ही करवाया जाएगा।

# प्रियंका को श्रेष्ठ माता पुरस्कार

- सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम के तहत करवाई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। अधिकारी सीवन में खेल प्रतियोगिता का आयोजन करते हुए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से खंड सीवन में सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में सीडीपीओ अधिकारी गुरजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महिलाओं को संबोधित करते उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने खान-पान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वयं व बच्चों के टीकाकरण समय पर करवाने के बारे में जानकारी दी। सर्वोत्तम माता पुरस्कार में सीवन निवासी प्रियंका ने प्रथम, रसूलपुर निवासी लखविंद्र कौर ने द्वितीय व रसूलपुर गामड़ी निवासी तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गुरजीत कौर ने बताया कि जो महिला अपने बच्चों व परिवार की ध्यानपूर्वक देखभाल करती है, वही सर्वोत्तम माता है। गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष तक बच्चों की सही देखभाल जरूरी है। विभाग की सुपरवाइजर अंजली ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी महिलाएं संस्थागत प्रसव कराएं। प्रसव के बाद दूध-दलिया का सेवन करें।

## जिलास्तरीय जूनियर रेडक्रॉस विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# नशे से दूर रहकर अच्छे समाज का निर्माण करें: अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। तहसीलदार डा. अनिल बिढान को सम्मानित करते पदाधिकारी।

जाट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल कैथल में तीसरे दिन जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर में तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार तथा प्रांतीय सेवा प्रमुख डॉ. राजेंद्र ठुकराल ने शिरकत की। जिला रैडक्रोस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने मुख्य अतिथि तहसीलदार अनिल कुमार का स्वागत करते हुए इस पांच दिवसीय शिविर में आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि स्वयं के स्वास्थय का ध्यान रखने के साथ-साथ हमें दूसरों के स्वास्थय का भी ध्यान रखना चाहिए। हमारे अन्दर ऐसी उर्जा होनी चाहिए जो शारारिक और दिमागी तौर से स्वस्थ हो। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि नशा समाज को खत्म कर रहा है और युवाओं को नशे से दूर रहकर एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए। आज हमें परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। नशे से दूर रहकर ही हम अपने देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में बना सकते हैं। सचिव रामजी लाल ने शिविर में जिला के 20 विद्यालयों से 80 विधार्थी और 20 जूनियर रैडक्रॉस काउंसलर भाग ले रहे है । जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रॉस के तीसरे दिन प्रतिभागीयों को योग से संबधित जानकारी, मोबाईल के फायदे एवं दुष्परिणामों के बारे में, वृद्धों की सेवा करना, जलसंरक्षण, एचआईवी एवं एड्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. बीरबल दलाल ने प्रतिभागीयों को रैडक्रॉस शपथ दिलाई और कहा कि हमें निस्वार्थ एवं परोपकार के भाव के साथ स्वास्थय, सेवा और मित्रता के सन्देश के साथ आगे बढ़ना चाहिए। स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विधालय की लड़कियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर राजबीर, रामपाल, पवन कुमा, जिला कैथल के विभिन्न विद्यालयों से आए काउंस्लर तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शहर के विकास कार्यों में भेदभाव को लेकर धरना दे रहे पार्षद

# नगर पार्षदों का तीसरे दिन भी जारी रहा धरना, जमकर की नारेबाजी

कहा, हाउस की बैठक में पारित प्रस्तावों पर नहीं हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नगर पार्षदों ने विकास कायार्े मे भेदभाव को लेकर तीसरे दिन बुधवार को भी नगर परिषद मे धरना जारी रखा। पार्षदों ने कहा की सभी वाडार्े मे समान रूप से विकास कार्य नही होते तथा विधायक का नगर परिषद में हस्तक्षेप बंद नहीं होता तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

शहरी विकास मंत्री कमल गुप्ता से मिल कर मामले से अवगत करवाएंगे। धरनारत पार्षदो ने कहा कि उनके वाडोंर् के अस्टीमेट बने हुए हैं लेकिन काम नही हो रहे हैं। विधायक डा. कृष्ण मिड्डा उनके वाडार्े के विकास कायार्े मे भेदभाव कर करवा रहे हैं। विधायक के खेमे मे 12 पार्षद हैं। जिनके वाडार्े में विकास कार्य हो रहे हैं। नप अधिकारी चेयरमैन की बजाय विधायक के इशारे पर कार्य कर रहे हैं। नप अधिकारी केवल विधायक सर्मथक पार्षदो के 12 वाडार्े को त्वज्जो दे रहे है। वाडोंर् में विकास कार्य न होने के कारण लोग उनसे जवाब माग रहे है। काफी रुपया नगर परिषद के पास है लेकिन अस्टीमेट न बनने के कारण कोई विकास कार्य उनके वाडार्े में नही हो रहे हैं।

नगर परिषद हाउस की बैठक में जिन विकास कायोंर् को करवाने के प्रस्ताव पारित किए गए, उनके टेंडर रुके पड़े हैं। इनमें शहर के तीन जोन में रात के समय सफाई का लगभग एक करोड़ रुपये से ‘यादा का टेंडर, स्ट्रीट लाइट रिपेयर करवाने के लिए निजी एजेंसी को हायर करवाने का टेंडर सहित कई अन्य कार्य शामिल हैं।


जींद। धरने पर बैठे पार्षद।

### काम रोके जा रहे

चेयरपर्सन गुट के 19 पार्षदों के विकास कायोंर् के टेंडर में कोई न कोई तकनीकी अड़चन लगा कर काम रोके जा रहे हैं। उन्होने कहा कि नगर परिषद मे प्रोपर्टी आईडी मे बहुत बडा फर्जीवाडा है। जिसके बारे मे डीएमसी को शिकायत दी थी। लेकिन उस पर काई कार्रवाई नही हो रही। अगर मामले की जांच विजीलेस से करवाई जाए तो बडे खुलासे हो सकते है। नगर परिषद के चेयरमेन प्रतिनिधि एव जिला भाजपा महामत्री डा राज सैनी ने कहा कि विधायक ने कुछ पार्षदो के वाडार्े मे राशि जारी की है। जिससे अछूते रहे पार्षदो के मे रोष है। फिर भी पार्षदो से बातचीत की जा रही है।

## नपा में बिलों के भुगतान को लेकर पार्षदों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

नगर परिषद की तरफ से बिलों की अदायगी को लेकर पेमेंट अप्रूवल कमेटी की बिना मंजूरी के बिलों के भुगतान करने पर पार्षदों ने रोष जताया है। पार्षदों का कहना था कि यदि इसी प्रकार से बिलों का भुगतान करना है तो फिर पेमेंट अप्रूवल कमेटी का गठन क्यों किया गया? इस कारण पार्षदों में रोष है। बुधवार को वार्ड नंबर 28 से पार्षद मोहन लाल शर्मा, वार्ड नंबर 11 से सुशीला शर्मा, वार्ड नंबर चार से महेश गोगिया, वार्ड नंबर 12 से बलजीत व वार्ड नंबर छह से पार्षद प्रतिनिधि दिनेश शर्मा ने नगर परिषद कार्यालय में पहुंचकर रोष जताया।


कैथल। सीएम को भेजे जाने वाले ज्ञापन को दिखाते पार्षद मोहन लाल, सुशीला शर्मा तथा अन्य।

पार्षदों ने कहा कि बिना कमेटी की मंजूरी के बिलों की अदायगी करना गलत है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ाया दिया जा रहा है। पार्षदों ने कहा कि जब इस तरह से बिलों का भुगतान करना था तो कमेटी का गठन क्यों किया।

### सीएम को भेजा ज्ञापन

पार्षदों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आनलाइन ज्ञापन भेजा। इसकी ज्ञापन की एक-एक प्रति नगर परिषद के ईओ कुलदीप मलिक, पालिका आयुक्त, नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता को भेजी गई है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद नगर में होने वाले कार्यों में पारदर्शिता लाने व गलत अदायगी पर रोक लगाकर उनकी जांच की जाए। बताया कि कुछ माह पहले पेमेंट अप्रूवल कमेटी का गठन किया गया था। उक्त कमेटी शहर में हो रहे हर कार्य के बिल की अदायगी कार्यों से संतुष्ट होने उपरांत बिलों का भुगतान होना है।


जींद। कांग्रेस नेता पवन गर्ग पूर्व मुख्यमंत्री को शॉल ओढ़ाते हुए।

## खाद और मुआवजे के लिए तरस रहे किसान : हुड्डा

- मुख्यमंत्री और विज के बीच टकराव में कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का हुआ बंटाधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने किसानों को एमएसपी, खाद और मुआवजे के लिए तरसा दिया है। एकबार फिर किसानों को कड़कड़ाती ठंड के बीच खाद की लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। क्योंकि सरकार जरूरत के मुताबिक खाद की सप्लाई करने में नाकाम साबित हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा बुधवार को सेक्टर आठ में कांग्रेस नेता पवन गर्ग के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता सतपाल सत्तू के आवास पर उनके पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर एकबार फिर किसानों के साथ करोड़ों रुपए का घपला हुआ है। क्लस्टर-2 के सात जिलों करनाल, अंबाला, हिसार, गुरुग्राम, जींद, महेंद्रगढ़ और सोनीपत के किसानों से बीमा प्रिमियम तो काट लिया गया लेकिन उनका बीमा ही नहीं किया गया।

### मजदूरों को नहीं मिला पैसा

अब किसान मुआवजे के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। इतना ही नहीं धान सीजन के दौरान आढ़ती और मजदूरों का करीब 500 करोड रुपया भी अभी तक सरकार ने नहीं दिया है। आज प्रदेश में ऐसा लग रहा है मानो सरकार नाम की चीज ही नहीं है। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य व गृह मंत्री आपसी खींचतान में व्यस्त हैं इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार लोगों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम है। हरियाणा महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित रा’य बनकर उभरा है। स्वास्थ्य सेवाएं भी पूरी तरह चरमराई हुई हैं। बीजेपी-जेजेपी इन दिनों खोखले प्रचार और विज्ञापनों में नजर आती है। धरातल से ये पार्टियां साफ हो चुकी हैं। जबकि कांग्रेस जन-जन तक पहुंचने में कामयाब रही है। कांग्रेस की नीतियां लोगों को प्रभावित कर रही हैं।

## सीआरएसयू में खेलकूद प्रतियोगिता

- खेल का नशा दूसरे नशों की लत से दूर ले कर जाता है : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय नौवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इसका शुभारंभ जिला खेल एवं युवा कल्याणकारी अधिकारी जींद कुलदीप रेढू ने विश्वविद्यालय का ध्वज फहरा कर किया और सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से हम एक स्वस्थ समाज व राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने खिलाड़ियों को बताया कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के लिए नगद पुरस्कार, टीए, डीए की उचित व्यवस्था करता है और खिलाड़ियों को समय-समय पर प्रोत्साहित करता है। विजेता खिलाड़ियों को 48 लाख रुपये की राशि का नकद पुरस्कार दिया है और भविष्य में भी विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए प्रयास करता रहेगा। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यअतिथि एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को अपनाते हुए हम युवा वर्ग को नशे से दूर ले जा सकते है। खेल के माध्यम से हम खिलाड़ी के अच्छे चरित्र का निर्माण कर सकते हैं। मुख्यअतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया और ओवर आल विजेता कॉलेजों को ट्राफी देकर सम्मानित किया।



### गीता महोत्सव में राजकीय मॉडल स्कूल बेलरखां के विद्यार्थी रहे अव्वल

**नरवाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में आयोजित खंड स्तरीय गीता महोत्सव की प्रतियोगिताओं में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं व 9वीं से 12वीं दो वगोंर् में आयोजित की गई थी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के दोनों वगोंर् में बेलरखा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संवाद प्रतियोगिता में भी मॉडल स्कूल की टीम अव्वल रही। भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा रश्मि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## भाजपा नेत्री ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात

- जुलाना क्षेत्र में बचे हुए विकास कार्यों को सरकार करवाए प्राथमिकता से पूरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुलाना

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. पुष्पा तायल ने चंडीगढ़ में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता से मुलाकात करके जुलाना हलके के बचे हुए कायोंर् को शीतकालीन सेशन में पूरा करवाने की मांग की। तायल ने कहा कि उनकी ज्ञानचंद गुप्ता से संगठन की मजबूती व कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देने को लेकर बात हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जुलाना में बचे हुए सभी कायोंर् को जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाएगा। तायल ने कहा कि भाजपा पार्टी में छोटे से छोटे कार्यकर्ता को मान-सम्मान दिया जाता है इसी का नतीजा है कि इस पार्टी में चाहे अध्यक्ष हो या मुख्यमंत्री छोटे से छोटे कार्यकर्ता से रूबरू होते हैं व उनकी समस्याओं को दूर करते हैं। भाजपा पार्टी ही ऐसी पार्टी है जहां छोटे से छोटे कार्यकर्ता को अहम से अहम जिम्मेवारी दी जा सकती है।


जींद। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता से मुलाकात करते हुए भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल।

### सफाई कर्मचारियों ने मांगे माने जाने पर धरना किया समाप्त

**राजौंद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले चल रहे डोर टू डोर के सफाई कर्मचारियों ने मांगे माने जाने पर धरना उठा लिया। बुधवार को धरने की अध्यक्षता डोर टू डोर के ब्लॉक प्रधान अजय ने की जबकि मंच का संचालन ब्लॉक सचिव जोगिंदर ने किया। ब्लॉक प्रधान ने बताया कि ठेकेदार ने कर्मचारियों के बीच पहुंच कर उनकी सभी मांगों को मान लिया है। सफाई कर्मचारियों की मुख्य मांगे थी, चार रविवार का कटा हुआ वेतन दिया जाए, 500 रुपए दिवाली का बोनस बकाया है वह दिया जाए, चालकों की सैलरी चालकों वाली मिलनी चाहिए, साबुन तेल वर्दी जूते सफाई किट दी जाएं आदि।

## वाद-विवाद का केंद्र उचाना : दुष्यंत

- कांग्रेस के राज में नहीं ली गई किसानों की सुध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना

कांग्रेस राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा द्वारा जेजेपी की चाबी को जंग लगने के बयान पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जंग किसको लगा है, ये तो भविष्य की राजनीति के गर्भ में है। एक चीज जो साबित हो गई है कि आज उचाना हरियाणा के राजनीति वाद-विवाद का केंद्र बिंदू बन चुका है। कांग्रेस विचारधारा वाले लोग आज प्रदेश का भाईचारा खराब करना चाहते है। भाईचारे को किसी सूरत में खराब नहीं होने दिया जाएगा। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि किसान को अनेकों योजना बना कर लाभ पहुंचाने का काम किया गया है लेकिन जब कांग्रेस की सरकार थी तो किसान की सुध नहीं ली गई। दो-दो दिन किसान को मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए रूकना पड़ता था। किसान की पेमेंट फसल बिकने के दो-दो महीने तक नहीं आती थी। किसान वो दिन भूला नहीं है किस तरह से रोहतक के अंदर किसानों पर गोलिया चली थी। कांग्रेस के राज में मुआवजा के नाम पर किसान को दो रुपए, पांच रुपए के चेक देकर किसानों का मजाक बनाया गया। फसल खराब होने पर हमारी सरकार ने पॉलिसी बनाई ।


उचाना। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को आशीर्वाद देते हुए बुजुर्ग।

### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की बैठक 16 को

**गुहला चीका।** दिसम्बर राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की एक बैठक ताऊ देवी लाल पार्क चीका में 16 दिसम्बर को बुलाई गई है। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के हलका प्रधान अमृत लाल जांगड़ा, एस.सी.सैल के हलका प्रधान नैब सिंह हरिगढ़ व पार्टी के वरिष्ठ उपप्रधान विपिन जैन ने एक संयुक्त ब्यान में बताया कि बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों बारे चर्चा की जाएगी और कार्यकताअरं का आह्वान किया जाएगा कि वे पार्टी को सत्ता में लाने के लिए अपना खून-पसीना एक कर दें। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रचार व प्रसार के लिए कार्यकताअरं की ड्यूटियां भी लगाई जाएंगी।




### चुनाव नजदीक देख एक ही पार्टी से कई दावेदार आए

हलका कलायत में कई दर्जन नेता बरसाती मेंढक की तर्ज पर टरटर्राने लगे हैं। हालांकि टिकट किसी भी एक व्यक्ति को दिया जाएगा लेकिन एक पार्टी से तो दर्जन से भी अधिक अपनी टिकट कन्फर्म मान रहे हैं।



### नेता जी के कपड़े की बढ़ी मांग

चुनाव को लेकर एक नया कपडा प्रचलन में आया है। इसे नेता जी का कपडा कहा जाता है। हालांकि अब तक सूती कपड़ा की मांग थी लेकिन अब आधुनिक तर्ज पर नेता जी के कपड़े की मांग जोर पकड़ रही है।



### फील्ड में गई हैं

कैथल के करनाल रोड पर एक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मनमर्जी से कार्यालय आते हैं और सायं 03 बजे ही रफू चक्कर हो जाते हैं। यदि कोई फरियादी पूछता है तो एक ही जवाब मिलता है कि वे फील्ड में गए हैं। इसमें एक महिला कर्मचारी की बात गलियारों तक पहुंच रही हैं। ये खुद को मंत्री या अधिकारी से भी बढ़कर समझते हैं।



### मेरी तो वोट बस आपकी है

बार एसोसिएशन के चुनाव में आजकल वकीलों के वारे-न्यारे हो रहे हैं। कई वकील तो दोनों प्रतिद्वंदियों के यहां हाजरी लगा रहे हैं। उनका बस एक ही कहना है कि मेरी तो वोट बस आपकी है। अब देखना यह है कि उसकी वोट किस तरफ होगी।



### नरवाना हलके में 800 करोड़ रुपये से ज्यादा के हुए विकास कार्य

## गैबी साहिब मंदिर तालाब बनेगा ऐतिहासिक धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नरवाना के गैबी साहिब मंदिर तालाब को ऐतिहासिक धरोहर बनाया जाएगा। इस पर पांच करोड़ 63 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके धरोहर बनने से नरवाना हलका की अलग पहचान बनेगी। रा’य सरकार द्वारा नरवाना हलके के विकास कायोंर् के लिए अब तक 800 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। इस राशि से नरवाना हल्के की तस्वीर बदली है और इसका सीधा फायदा क्षेत्र के लोगों को मिला है। उन्होंने कहा कि 800 करोड़ की राशि से नरवाना हलके का सड़क तंत्र तो मजबूत हुआ है। प्रत्येक गांवों में व्ययामशाला, पार्क, तालाबों का सौंदर्यकरण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत घर, युवाओं के लिए जिम्म का सामान, लाईब्रेरी, गांव की फिरनी, सामुहिक चौपाल, गलियों का निर्माण व अन्य कायोंर् का निर्माण करवाया गया है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मंगलवार को गांव जाजनवाला में स्व. चौधरी शेर सिंह नैन पूर्व सरपंच व उसकी धर्मपत्नी रजिया देवी की मूर्ति स्थापना करने उपरांत सम्मान समारोह में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नैशनल हाईवे के लगते गांव सच्चाखेड़ा के ग्रामीण मुझे मिले थे और कहा था कि यहां पर दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है। इस पर अधिकारियों को बुला कर तुरंत मंजूरी दिलवाई गई। अब सच्चा खेड़ा गांव जिले का इकलौता गांव है जहां गांव के लिए बाईपास निकाला जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा गंठबंधन सरकार द्वारा प्रदेश में 1100 लाइब्रेरियां बनाई जा चुकी हैं। इन लाइबे्ररियों के बन जाने से प्रत्येक गांवों का युवा शिक्षित तो होगा ही, साथ ही उनको रोजगार के अवसर भी प्रदान होगें। नरवाना में एचएसआईआईडीसी में लगातार नए उद्योग स्थापित हो रहे है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि रा’य सरकार द्वारा 600 से अधिक सेवाएं ऑनलाईन की गई हैं। अब ग्रामीण सीएचसी के माध्यम से इन सेवाओं का लाभ घर बैठे प्राप्त कर सकते है।


जींद। गांव जाजनवाला में स्व. चौधरी शेर सिंह नैन पूर्व सरपंच व उसकी धर्मपत्नी रजिया देवी की मूर्ति को नमन करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

## खबर संक्षेप

### जींद को मिली दो महिला जिला औषधि नियंत्रक

**अलेवा।** हरियाणा सरकार ने नशीली दवाओं की बिक्री पर नकेल कसने के लिए ड्रग विभाग जींद में दो महिला औषधि नियंत्रक की नियुक्ति कर दी है। सरकार द्वारा जींद ड्रग विभाग में दो महिला औषधि नियंत्रक की नियुक्ति करने पर जिला जींद केमस्टि एसोसिएसन के प्रधान अरविंद जैन ने टीम के साथ जिला औषधि नियंत्रक का बुधवार को स्वागत करते हुए सरकार का आभार जताया है।

### गौरव स्कूल में करवाई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**राजौंद।** गांव रोहेडा के गौरव स्कूल में मासिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चार सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान चंद्रशेखर आजाद सदन से निधि, तनुज व खुशी ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान शहीद.ए.आजम भगत सिंह से अंजलि, अक्षिता व रितिका ने प्राप्त किया।

### हिंदू विद्यालय ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**कैथल।** हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल के प्रांगण में मंगलवार को 112 वां स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चौधरी परिवार के सदस्यों ने शिरकत की। सबसे पहले सरस्वती माता के सामने सुनील चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, संदीप चौधरी, जयदीप चौधरी, सुमेर चौधरी, संजय चौधरी, राजीव चौधरी, अर्पित चौधरी और पीयूष चौधरी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की।

### कलायत से चौशाला के लिए बस सेवा 15 से

**कलायत।** महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि गांव चौशाला की बेटियों की मांग पर 15 दिसम्बर से कलायत से चौशाला की बस सेवा शुरू हो जाएगी। बुधवार को गांव चौशाला में विकसित भारत संकल्प एवं जन संवाद यात्रा कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री कमलेश ढांडा के पास गांव की बेटियों ने रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग रखते हुए अपनी परेशानी राज्यमंत्री को बताई।

### आईसीडीएस सुपरवाइजर एसो. सम्मेलन 25 को

**कैथल।** आईसीडीएस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी की मीटिंग हनुमान वाटिका में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान पूनम ने व संचालन जिला सचिव चेतना ने किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की तरफ से जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल ने शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रधान निशा शर्मा, पूर्व सचिव सुमन, कैशियर अनीता,मंजू बंसल, शीतल, पूजा, सोनिया, बिरमती,मीनू व अंकिता विशेष रूप से मौजूद रही।

### मारपीट कर युवक को किया घायल, केस दर्ज

**कैथल।** गुहला में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। गुहला के पंकज ने पुलिस को शिकायत दी कि 12 दिसंबर को गुहला के सरकारी स्कूल के पास आरोपी लवप्रीत, अवतार, संयम, जश्न व वरुण ने उसे पंच व रॉड से पीटा। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### पूर्व विधायक की स्मृति में मिलेगी चित्रकला छात्रवृत्ति

**जींद।** कला को समर्पित अखिल भारतीय संस्था सोल एंड स्पीरिट आर्ट सोसाइटी कला के क्षेत्र में कार्य करने वाले मेधावी व होनहार चित्रकार, मूर्तिकार, फोटोग्राफर, प्रींटमेकर, अप्लाइड आर्टिस्ट के लिए वार्षिक छात्रवृत्ति उत्तर भारत के कला महाविद्यालय के लिए देती आ रही है। इसी कड़ी में जींद के विधायक डा. कृष्ण मिढ़ा ने अपने पिता पूर्व विधायक स्व. हरिचंद मिढ़ा की स्मृति में 11 हजार रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति देने की घोषणा की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005